Title: Re: Need to change the route of Train Nos. 22197/22198 and 19305/19306.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): रेल सुविधा के बेहतरीकरण के संबंध में आग्रह करना चाहता हूं कि ग्वालियर से इटावा तक रेल लाईन का विद्युतीकरण कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में झांसी से कानपुर होकर कोलकाता, बिहार और असम सहित उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण शहरों के लिये संचालित हो रही कुछ ट्रेनों को झांसी से वाया ग्वालियर-भिण्ड-इटावा-कानपुर होकर चलाया जाये तो ग्वालियर के यात्रीगणों को लाभ होगा।

1. ट्रेन सं. 22197/22198 झांसी-कोलकाता एक्सप्रेस झांसी से प्रत्येक शुक्रवार को वाया कानपुर होकर कोलकाता के लिये संचालित होती है। इस ट्रेन को झांसी से वाया ग्वालियर-भिण्ड-इटावा होकर कानपुर चलाने से ग्वालियर से कोलकाता एवं कानपुर जाने के लिये एक अतिरिक्त गाडी की सुविधा मिल जायेगी। वर्तमान में कोलकाता के लिये एक मात्र चंबल एक्सप्रेस है।

2. 19305/19306 इंदौर-गुवाहाटी सुपर फास्ट एक्सप्रेस प्रत्येक गुरूवार को अंबेडकर नगर इंदौर से झांसी वाया कानपुर होकर कामाख्या के लिये जाती है, इस ट्रेन को झांसी से वाया ग्वालियर-भिण्ड-इटावा होकर कानपुर चलाने से ग्वालियरवासियों को कामाख्या, जलपाईगुढी, बरौनी और बनारस जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के लिये ट्रेन सुविधा में बढोत्तरी होगी। साथ ही ग्वालियर से कामाख्या के लिये डायरेक्ट भी मिल जायेगी।

आशा है कि माननीय रेल मंत्री जी मेरे आग्रह पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे।